# राजकीय महाविद्यालय बलद्वाड़ा, मंडी (हि . प्र .)

## वार्षिक प्रतिवेदन

## (2025-26)

## (शनिवार, 28 फरवरी)

## मुख्यातिथि

## श्री पवन ठाकुर

## ( सामाजिक कार्यकर्ता एवं महासचिव हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी )

## प्रस्तुतकर्ता :

## डॉ. ललित कुमार गुलेरिया

# वार्षिक प्रतिवेदन 2025-26

# (शनिवार, 28 फरवरी)

श्रीमान जी,

मैं राजकीय महाविद्यालय बलद्वाड़ा, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश के समस्त परिवार की तरफ से महाविद्यालय के 7वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के इस शुभ अवसर पर आपका हार्दिक स्वागत करता हूँ I आज के इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में अत्यंत विनम्र एवं शालीन व्यक्तित्व के प्रतिबिम्ब उपस्थित हुए हैंI आप एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता हैं तथा विधान सभा सरकाघाट से कांग्रेस के टिकेट पर दो बार चुनाव लड़ चुके हैंI हम कामना करते हैं कि आप भविष्य में इस विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंI मेरे लिए यह अति हर्ष और उत्साह का विषय है कि मैं आपके सामने सत्र 2025-26 के लिये महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने जा रहा हूं |

## स्थापना:

राजकीय महाविद्यालय बलद्वाड़ा, राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार 24 फरवरी, 2014 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलद्वाड़ा के भवन में शुरू हुआ, जिसका मूल उद्देश्य बलद्वाड़ा के दूर-दराज और ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियो को उच्चस्तर की शिक्षा प्रदान करना था।

यह सफ़र केवल कला विषय की कक्षाओं के साथ शुरू हुआ था, लेकिन दो साल बाद, वर्ष 2016 में, वाणिज्य संकाय की कक्षाएं भी शुरू हो गईं। इसके पश्चात वर्ष 2022 में, महाविद्यालय में विज्ञान संकाय चलाने के लिए भी सरकार से मंज़ूरी मिल गई । साल 2018 में महाविद्यालय खुडला गाँव में बने अपने भवन में स्थानांतरित कर दिया गया।

आज एक दशक से ज़्यादा सफ़र के बाद महाविद्यालय ने नई ऊँचाइयाँ छूना शुरू कर दिया है। पिछले साल की सबसे उत्तम उपलब्धि यह रही है कि हमारा महाविद्यालय सरकार द्वारा जारी गुणवत्ता सूची में 50वें स्थान पर रहा और हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा निदेशालय की दूसरे स्तर की सूचि में 20वें स्थान पर रहा। यह उपलब्धि महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं गैरशिक्षक कर्मचारियों के लिए बहुत ही गौरव की बात है|

## महाविद्यालय में कुल छात्र संख्या :

हमारे महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में कुल 230 विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ , जिसमें से 168 छात्राएं और 62 छात्र हैं, जिनका विवरण निम्नांकित है:-

| संकाय | कक्षा | सामान्य | | एस.सी. | | एस.टी. | | ओ.बी.सी. | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं |
| कला | प्रथम वर्ष | 05 | 19 | 03 | 15 | 00 | 00 | 01 | 02 | 09 | 36 |
| | द्वितीय वर्ष | 03 | 24 | 00 | 15 | 01 | 00 | 00 | 02 | 04 | 41 |
| | तृतीय वर्ष | 02 | 15 | 02 | 13 | 00 | 01 | 01 | 05 | 05 | 34 |
| वाणिज्य | प्रथम वर्ष | 07 | 06 | 0 | 03 | 00 | 00 | 00 | 01 | 11 | 10 |
| | द्वितीय वर्ष | 04 | 03 | 01 | 02 | 00 | 00 | 01 | 00 | 06 | 05 |
| | तृतीय वर्ष | 07 | 04 | 02 | 03 | 00 | 00 | 02 | 02 | 11 | 09 |
| विज्ञान | प्रथम वर्ष | 03 | 10 | 05 | 04 | 00 | 00 | 00 | 01 | 08 | 15 |
| | द्वितीय वर्ष | 04 | 08 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 02 | 06 | 10 |
| | तृतीय वर्ष | 01 | 06 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 02 | 08 |

# परीक्षा परिणाम :---

सत्र 2025-26 के लिए हमारे महाविद्यालय के छात्रों के परीक्षा परिणाम अच्छे रहे हैं। सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा जारी किए गए परिणाम में ज़्यादातर विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त किये हैं। कला स्नातक तृतीय और वाणिज्य स्नातक तृतीय कक्षाओं का प्रतिशत परिणाम सरदार पटेल विश्वविद्यालय के प्रतिशत परिणाम से बेहतर रहा है। सभी संकायों का परीक्षा परिणाम इस प्रकार है :-

| क्रमांक | कक्षा | कुल छात्र | उतीर्ण छात्र | उतीर्ण प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बी.ए.प्रथम वर्ष | 50 | 36 | 72 |
| 2 | बी.ए.द्वितीय वर्ष | 39 | 24 | 61.53 |
| 3 | बी.ए.तृतीय वर्ष | 56 | 46 | 82.14 |
| 4 | बी.कॉम.प्रथम वर्ष | 15 | 05 | 38 |
| 5 | बी.कॉम.द्वितीय वर्ष | 17 | 17 | 100 |
| 6 | बी.कॉम.तृतीय वर्ष | 22 | 22 | 100 |
| 7 | बी.एससी. प्रथम वर्ष | 16 | 08 | 50 |
| 8 | बी.एससी. द्वितीय वर्ष | 12 | 10 | 83.3 |
| 9 | बी.एससी. तृतीय वर्ष | 05 | 05 | 100 |

## शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारी:--

किसी भी संस्था का आधार उसका शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग होता है। हमारे महाविद्यालय में सहायक/सह्-आचार्यों के पंद्रह पद स्वीकृत हैं, जिनमें से वर्तमान में ग्यारह पद भरे हुए हैं और चार पद रिक्त हैं। शिक्षण संकाय और गैर-शिक्षक कर्मचारियों का पूरा विवरण नीचे दिया गया है:

| क्रमांक | पद-विषय | सविकृत पद | कार्यरत | रिक्त | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | अंग्रेजी | 01 | 00 | 01 | 01 |
| 02. | हिन्दी | 01 | 01 | -- | 01 |
| 03. | अर्थशास्त्र | 01 | 00 | 01 | 01 |
| 04. | इतिहास | 01 | 01 | -- | 01 |
| 05. | संगीत (V) | 01 | 00 | 01 | 01 |
| 06. | समाजशास्त्र | 01 | 01 | -- | 01 |
| 07. | गणित | 01 | 01 | -- | 01 |
| 08. | राजनीतिक विज्ञान | 01 | 00 | 01 | 01 |
| 09. | वाणिज्य | 02 | 02 | - | 02 |
| 10. | रसायन विज्ञान | 02 | 02 | - | 02 |
| 11. | भौतिक विज्ञान | 01 | 01 | - | 01 |
| 12. | वनस्पति विज्ञान | 01 | 01 | - | 01 |
| 13. | जीव विज्ञान | 01 | 01 | - | 01 |
| 14. | पुस्तकालय अध्यक्ष | 01 | 01 | -- | 01 |
| 15. | कार्यालय अधीक्षक | 01 | 01 | -- | 01 |
| 16. | वरिष्ठ सहायक | 01 | 01 | -- | 01 |
| 17. | लिपिक | 02 | 02 | -- | 02 |
| 18. | कनिष्ट प्रयोगशाला सहायक | 05 | -- | 05 | 05 |
| 19. | चपरासी/चौकीदार | 05 | 04 | 01 | 05 |

# स्थानांतरण और नियुक्तियां :---

1. डॉ. ललित कुमार गुलेरिया जी ने 28 नवंबर 2025 को राजकीय महाविद्यालय बलद्वाड़ा में प्राचार्य के रिक्त पद पर कार्यभार संभाला।
2. डॉ. दायक राम ठाकुर, राजनीति विज्ञान के सह्-आचार्य , प्राचार्य पद पर पदोन्नत होकर राजकीय महाविद्यालय आनी, जिला कुल्लू में स्थानांतरित हुए ।
3. डॉ. सुनील कुमार, सहायक आचार्य अर्थशास्त्र, का स्थानांतरण राजकीय महाविद्यालय डैहर, जिला मंडी को हुआ ।
4. प्राचार्य विजय कुमार कौंडल, महाविद्यालय में डेढ़ साल की सेवा के बाद 30 अप्रैल 2025 को सेवानिवृत्त हुए।

5. श्रीमती पूजा, सहायक प्रोफ़ेसर रसायन विज्ञान, अपना प्रसूति अवकाश (मैटरनिटी लीव) पूरा करने के बाद 24 दिसंबर को पदभार ग्रहण कर चुकी हैं।

6. श्रीमती मनोरमा, सहायक प्रोफेसर समाजशास्त्र, 16 दिसंबर से प्रसूति अवकाश पर गईं हैं।

7. सुनील कुमार (चपरासी) राजकीय प्राथमिक पाठशाला कोट-हटली से स्थानांतरित होकर 5 जून को इस महाविद्यालय में सेवारत हुए।

# विशेष दिवस समारोह :--

हर साल की तरह हमारे महाविद्यालय में इस वर्ष भी विभिन्न विशेष दिन मनाए गए:

1. 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया और एक योग शिविर आयोजित किया गया जिसमें योग गुरु ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को विभिन्न योग आसन सीखने और करने की जानकारी दी।

2. 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया और महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया गया।

3. 26 नवंबर 2024 को राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई और सभी प्रतिभागियों को संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। राजनीतिक विज्ञान के सह्-आचार्य डॉ. दायकराम ठाकुर ने "भारतीय संविधान और लोकतंत्र" विषय पर व्याख्यान दिया।

# शिक्षक वर्ग की उपलब्धियां :---

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान, हमारे कॉलेज के शिक्षकों ने अपनी व्यक्तिगत उपलब्धियों को बेहतर बनाने के लिए बहुत मेहनत की। यह वास्तव में प्रशंसनीय और सराहनीय है क्योंकि उन्होंने नियमित शिक्षण कार्य को प्रभावित किए बिना ये सफलताएँ प्राप्त की हैं। उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार है:

**1. डॉ. संजय शर्मा :-**

डा. संजय शर्मा ने आपदा प्रबंधन पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम जो कि हिमाचल प्रदेश प्रसाशनिक सेवा केन्द्र शिमला द्वारा आयोजित किया गया था में भाग लिया

**2. डॉ. गुलशन कुमार (एसोसिएट प्रोफेसर) :-**

जी . कुमार, आर. सिंह, पी. चंद, एम. कुमार, आर.आर. सिंह, ए. कुमार (2025): "PVDF-HFP पॉलिमर होस्ट में संशोधनों के संदर्भ में पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट सामग्री पर एक समीक्षा," *Journal of Solid State Electrochemistry (Springer-Nature)*, 22 मई 2025।

पी. कुमारी, जी. कुमार, एम. कुमार (2025): "चंबा जिला, उत्तर-पश्चिम हिमालय, हिमाचल प्रदेश, भारत से जंगली पौधों और अनाज उत्पादों के नमूनों में यूरेनियम विषाक्तता का स्तर," *Environment Conservation Journal*।

सम्मेलनों में प्रस्तुत शोध पत्र :--

1. 26-27 सितंबर 2025 को राजकीय स्नातक महाविद्यालय धर्मपुर (मंडी, हि.प्र.) में "जलवायु परिवर्तन और वैश्विक जल संकट" पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "पॉलिमर होस्ट सामग्री में संशोधनों के साथ पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

2. 13-14 अक्टूबर 2025 को स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं (बिलासपुर, हि.प्र.) में "ओजोन स्पेक्ट्रा-एक समीक्षा" शीर्षक से राष्ट्रीय संगोष्ठी में पत्र प्रस्तुत किया।

3. 8 नवंबर 2025 को राजकीय स्नातक महाविद्यालय डैहर (मंडी, हि.प्र.) में आपदा प्रबंधन पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "पर्यटक गतिविधियाँ और उत्तर-पश्चिम हिमालय का भूगोल और भूविज्ञान" पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

4. 8 नवंबर 2025 को राजकीय स्नातक महाविद्यालय डैहर (मंडी, हि.प्र.) में आपदा प्रबंधन पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "उत्तर-पश्चिम हिमालय के सक्रिय भ्रंश (Active Faults)" विषय पर आमंत्रित व्याख्यान (Invited Talk) दिया।

5. 1 दिसंबर 2025 को रबींद्रनाथ टैगोर राजकीय स्नातक महाविद्यालय सरकाघाट (मंडी, हि.प्र.) में "ग्रामीण परिवर्तन, कौशल विकास और उद्यमिता" पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "उद्यमिता: नवीकरणीय ऊर्जा उद्यम" पर पत्र प्रस्तुत किया।

6. 22-23 दिसंबर 2025 को राजकीय महाविद्यालय भोरंज (तरक्काड़ी, हमीरपुर, हि.प्र.) में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (RISE-2025) में "लिथियम बैटरी के इलेक्ट्रोलाइट्स में एडिटिव्स के संदर्भ में एक समीक्षा" पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**अन्य शैक्षणिक कार्य:**

- समीक्षक (Reviewer) के रूप में कार्य: 'Environmental Conservation Journal' (Scopus indexed) के एक लेख की समीक्षा की।
- साइटेशन (Citations): डॉ. गुलशन कुमार के गूगल स्कॉलर अकाउंट पर कुल 170 साइटेशन हैं। पिछले वर्ष 80 का दावा किया गया था, इस सत्र के लिए शुद्ध दावा 90 है (दावा किए गए अंक: 4.5)।
- विश्वविद्यालय परीक्षा पेपर सेटर: वर्ष 2024 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परीक्षा के लिए पेपर सेटर के रूप में कार्य किया

**3. प्रोफेसर अशिवनी कुमार मंढोत्रा :-**

1. 22 नवंबर, 2025 को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, मंडी (हि.प्र.) में "डिजिटल युग में साहित्य और संगीत: चुनौतियां और संभावनाएं" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में एक पेपर प्रस्तुत किया और "इको-फ्रेंडली ग्रामीण पर्यटन: सतत विकास और सामुदायिक कल्याण के मार्ग" विषय पर एक पेपर प्रस्तुत किया।

2. 22 नवंबर, 2025 को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, मंडी (हि.प्र.) में "डिजिटल युग में साहित्य और संगीत: चुनौतियां और संभावनाएं" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में एक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की।

3. 22-23 दिसंबर, 2025 को राजकीय महाविद्यालय भोरंज (तरकवारी) में "लचीली महिला, अभिनव समाधान और सतत पर्यावरण" विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक पेपर प्रस्तुत किया।

4. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर , मंडी, (हि.प्र.) में "इनोवेटिव इकोसिस्टम क्रिएशन एंड हैबिटेट डिज़ाइन फॉर एनहांसिंग ग्लोबल बायोडायवर्सिटी" पर पेपर प्रेजेंट किया।

5. 1 दिसंबर 2025 को रवींद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय , सरकाघाट, मंडी (हि .प्र.) में "रूरल ट्रांसफॉर्मेशन, स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप" थीम पर एक दिन के नेशनल कॉन्फ्रेंस में "इको-फ्रेंडली रूरल टूरिज्म: पाथवेज़ फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड कम्युनिटी वेलफेयर" टाइटल से एक पेपर प्रेजेंट किया।

**4. डॉ. शालू कंवर :-**

1. 22 नवंबर, 2025 को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर ,मंडी(हि.प्र.) में "डिजिटल युग में साहित्य और संगीत: चुनौतियां और संभावनाएं" थीम पर एक दिन के नेशनल सेमिनार में एक पेपर प्रस्तुत किया।

2. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर ,मंडी(हि.प्र.) में 22 नवंबर, 2025 को आयोजित "डिजिटल युग में साहित्य और संगीत: चुनौतियां और संभावनाएं" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की।

3. पुनश्चर्या पाठ्यक्रम 2025 में स्टैंडर्ड कॉलेज, मणिपुर, काकचिंग खुनौ कॉलेज, मणिपुर और इंफाल कॉलेज, मणिपुर द्वारा संयुक्त रूप से 20 नवंबर से 3 दिसंबर, 2025 तक आयोजित "ब्रिजिंग पैराडाइम्स: मिश्रित विधियों पर वैश्विक प्रशिक्षण" विषय पर दो सप्ताह की अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान पद्धति कार्यशाला पूरी की; खेल का समाजशास्त्र, भारतीय समाजशास्त्र सोसायटी, नई दिल्ली, श्रीलंका का दक्षिण पूर्वी विश्वविद्यालय, ओलुविल, एचडीटीआई - एकीकृत आपदा प्रबंधन संस्थान, तमिलनाडु, सीएमएस कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स, कोयंबटूर, तमिलनाडु, श्री पद्मावती महिला विश्वविद्यालयम (महिला विश्वविद्यालय), तिरुपति, आंध्र प्रदेश और डॉ. अम्बेडकर कॉलेज ऑफ आर्ट्स, कॉमर्स, साइंस एंड पीजी सेंटर, कलबुर्गी, कर्नाटक।

4. 22-23 दिसंबर, 2025 को राजकीय महाविद्यालय भोरंज (तरकवारी) में "लचीली महिला, अभिनव समाधान और टिकाऊ पर्यावरण" विषय पर दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक पेपर प्रस्तुत किया। डिग्री कॉलेज धरमपुर, मंडी, में हिस्सा लिया और "Newly Formed Habitats As Pathways For Long-Term Biodiversity Preservation" शीर्षक पेपर प्रस्तुत किया।

5. 1 दिसंबर 2025 को रवींद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय , सरकाघाट, मंडी (हि .प्र.) में "रूरल ट्रांसफॉर्मेशन, स्किल डेवलपमेंट और एंटरप्रेन्योरशिप" थीम पर हुए एक दिन के नेशनल कॉन्फ्रेंस में "वैल्यू-एडेड एग्रीकल्चरल एंटरप्राइजेज: ड्राइवर्स ऑफ सस्टेनेबल एग्रो-टूरिज्म" शीर्षक से एक पेपर प्रस्तुत किया।

**5. सचिन मोंगा (सहायक आचार्य ,गणित ):-**

1. 1 दिसंबर 2025 को रवींद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय , सरकाघाट, मंडी (हि .प्र.) में "रूरल ट्रांसफॉर्मेशन, स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप" थीम पर एक दिन के नेशनल कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया।

2. 8 नवंबर 2025 को राजकीय स्नातक महाविद्यालय डैहर (मंडी, हि.प्र.) में आपदा प्रबंधन पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

**6. डॉ. नैंसी (असिस्टेंट प्रोफेसर):-**

**<u>सम्मेलन और संगोष्ठी</u>**

1. भारत सरकार के साइंटिफिक और टेक्निकल टर्मिनोलॉजी कमीशन द्वारा 26-27 जून, 2025 को राजकीय महाविद्यालय पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि. प्र.) में "राष्ट्रीय शिक्षा निति-2020 को लागू करना " विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में हिस्सा लिया: "बहुविषयक शिक्षा या क्षेत्रीय भाषा में तकनीकी शब्दाबली" शीर्षक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

2. 6-7 दिसंबर, 2025 को राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर (हि. प्र.) के जीव विभाग द्वारा पर्यावरण सस्कृति और आध्यात्मिकता और डॉ. भीम राव अंबेडकर के जीवन और योगदान पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "सामाजिक जन संचार : मुद्दे और चुनौतियां" शीर्षक पर पत्र प्रस्तुत किया।

3. 26-27 सितंबर, 2025 को, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धरमपुर, मंडी (हि. प्र.) द्वारा आयोजित "जलवायु परिबर्तन और वैशिविक जल की कमी: खतरे, चुनौतियां और टिकाऊ समाधान" पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "पिघलते ग्लेशियर और घटते मीठे पानी के भंडार" शीर्षक पर पत्र प्रस्तुत किया।

4. 30 और 31 अक्टूबर, 2025 को राजकीय महाविद्यालय , बैजनाथ, कांगड़ा (हि. प्र.) द्वारा आयोजित कल के लिए परिवर्तनकारी शिक्षा : नागरिक बोध, जानकारी, सस्कृति और विवेक को जोड़ना पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "नैतिकता,कानून और समाजिक न्याय: शिक्षा के जरिए निष्पक्षता ,न्याय संगतता कायम करना" शीर्षक पर पत्र प्रस्तुत किया।

5. नवम्बर ,2025 को राजकीय महाविद्यालय डैहर, जिला मंडी (हि. प्र.) द्वारा आयोजित आपदा प्रबंधन मे लचीलापन ,पुनर्प्राप्ति और जोखिम न्यूनीकरण के लिए अंतर्विषयक दृष्टिकोण" पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "आपदा जोखिम न्यूनीकरण, वित्त और बीमा" शीर्षक पर पत्र प्रस्तुत किया।

6. 30 दिसम्बर, 2025 को वाणिज्य विभाग, राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में "वैश्विक रुझान और निवेश में उभरते नमूने" शीर्षक पर पत्र प्रस्तुत किया।

7. 09 दिसम्बर ,2025 से 24 दिसम्बर ,2025 तक केंद्रीयविश्वविद्यालय ,हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित विश्वविद्यालय अनुदान (UGC) के मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पर्यटन, वाणिज्य और प्रवंधन पर पुनश्चर्याअध्ययन पूरा किया।

7. **प्रोफेसर राजगीर:--**

प्रोफेसर राजगीर ने इस साल चार ने राष्ट्रीय और दो अंतर्राष्ट्रीय स्टार के सम्मलेन में हिस्सा लिया। उन्होंने सात दिन का " संकाय विकास कार्यक्रम" कोर्स भी पूरा किया।

**8. डॉ. प्यार चंद, (हिंदी विभाग):-**

1. 13-14 अक्तूबर को स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं,जिला बिलासपुर (हि.प्र.) द्वारा आयोजित "अधिगम की सीमाएं :ज्ञान की सभी धाराओं का एकीकरण" विषय

पर राष्ट्रीय संगोष्ठी मे "ग्रामीण परिवर्तन ,कौशल विकास और उद्यमिता" शीर्षक पत्र प्रस्तुत किया।

2. 8 नवंबर, 2025 को राजकीय महाविद्यालय डैहर, मंडी द्वारा आयोजित "आपदा प्रबंधन मे लचीलापन ,पुनर्प्राप्ति और जोखिम न्यूनीकरण के लिए अंतर्विषयक दृष्टिकोण" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मे "आपदा-प्रबंधन का अध्ययन" शीर्षक शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
3. 1 दिसंबर को राजकीय महाविद्यालय सरकघाट ,जिला मंडी(हि.प्र.) द्वारा आयोजित "ग्रामीण परिवर्तन ,कौशल विकास और उद्यमिता" विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन मे "अधिगम की सीमाएं" शीर्षक से पत्र प्रस्तुत किया।

**9. प्रो. मनोरमा, (समाजशास्त्र विभाग) :-**

प्रो. मनोरमा ने राजकीय स्नातक महाविद्यालय डैहर ,मंडी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "आपदा प्रबंधन की अवधारणा और दायरा" विषय पर एक शोधपत्र प्रस्तुत किया।
उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय जर्नल आईजेएफएमआर में "हिमाचल प्रदेश की वृद्ध विधवाओं की आर्थिक समस्याएँ: एक अनुभवजन्य अध्ययन" शीर्षक से एक शोध पत्र भी प्रकाशित किया।

**10. प्रो. कंचना (वाणिज्य विभाग) :**

1. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) द्वारा 27 सितंबर 2024 को आयोजित "बदलती दुनिया में सतत पर्यटन का प्रभाव: चुनौतियां और अवसर" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में एक पेपर प्रस्तुत किया, जिसका विषय "हिमाचल प्रदेश में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और सतत पर्यटन" था।

2. राजकीय महाविद्यालय भोरंज (तरक्वारी) में 25-26 नवंबर, 2024 को "भारतीय बैंकिंग क्षेत्र पर ई-बैंकिंग का प्रभाव: एक व्यापक विश्लेषण" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

3. 26-27 सितंबर, 2025 को डॉ. सरेवपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, जिला मंडी(हि.प्र.) द्वारा आयोजित क्लाइमेट चेंज और ग्लोबल वॉटर स्केयोरसिटी: थ्रेट्स, चैलेंजेस एंड सस्टेनेबल सॉल्यूशंस पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में 'वॉटर गवर्नेंस एंड इकोनॉमिक पॉलिसी: द इन्फ्लुएंस ऑफ लीगल एंड इंस्टीट्यूशनल रिफॉर्म्स ऑन कमर्शियल सस्टेनेबिलिटी' शीर्षक से एक पेपर प्रस्तुत किया।

**पूर्व छात्र संगठन (OSA)** :--- 12 जून 2022 को, राजकीय महविद्यालय बलद्वाड़ा ने प्राचार्य की अध्यक्षता में महाविद्यालय के पुराने छात्रों की एक नई इकाई बनाई | इसमें कैलाश शर्मा को अध्यक्ष , दीक्षा ठाकुर को उप-अध्यक्ष , सविता ठाकुर को सचिव , ऋषभ को सह-सचिव , रोहित को प्रेस सचिव और संतोष कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया । ये सभी पदाधिकारी सम्मानित लोग हैं और समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य पुरानी और नई पीढ़ी के छात्रों के बीच तालमेल बनाए रखना और गरीब और काबिल छात्रों की शिक्षा और अर्थ संबधी परेशानी में सहायता करना है।

**केन्द्रीय महाविद्यालय छात्र परिषद्** :- हर साल हम लिंगदोह कमेटी के निर्देशों के अनुसार केन्द्रीय महाविद्यालय छात्र संघ का गठन करते हैं। पिछले कई सालों से, यह इकाई

अब सीधे चुनाव के बजाय मेरिट के आधार पर गठित की जाती है। सत्र 2025-26 के लिए केन्द्रीय महाविद्यालय छात्र संघ की गठित कार्यकारिणी नीचे दी गई है :

| क्रमांक | नाम | कक्षा | पद |
|---|---|---|---|
| 1. | शीतल | कला स्नातक - III | अध्यक्ष |
| 2. | बबिता | विज्ञान स्नातक – III | उप-अध्यक्ष |
| 3. | गौरी | वाणिज्य स्नातक – III | सचिव |
| 4. | कोमल | विज्ञान स्नातक - I | संयुक्त –सचिव |

# अभिभावक –शिक्षक संघ (PTA):-

अभिभावक –शिक्षक संघ, छात्रों के समग्र विकास में अहम् भूमिका निभाता है तथा शिक्षकों के साथ मिल कर एक सहायक शैक्षणिक वातावरण प्रदान करता है| इसी उदेश्य से सभी शिक्षण संस्थानों में अभिभावक –शिक्षक संघ का गठन किया जाता है जिस से शिक्षकों तथा अभिभावकों में मजबूत सम्बन्ध स्थापित हो सके| इस सत्र के लिए महाविद्यालय के अभिभावक –शिक्षक संघ का गठन 8 अगस्त, 2025 को किया गया जिसमें निमंलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया :

| क्रमांक | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री करतार सिंह | प्रधान |
| 2. | श्री ईश्वर दास | उप- प्रधान |
| 3. | प्रो. अश्विनी मंढोत्रा | सचिव |
| 4. | श्रीमती प्रोमिला | सह – सचिव |
| 5. | श्री करण शुक्ला | कोषाध्यक्ष |
| 6. | श्री ब्रिज लाल गोयल | मुख्य सलाहकार |
| 7. | श्रीमती नानकी देवी | सदस्य |

# क्लब और समितियां :----

# निर्वाचन साक्षरता क्लब:----

हमारे महाविद्यालय में 35-सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के मुख्य-निर्वाचन अधिकारी श्री राहुल जैन से मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2024 में एक चुनावी क्लब का गठन किया है। क्लब ने इस सत्र में अपने कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजगीर की देखरेख में छात्रों को मतदान प्रक्रिया , मतदाता बनने और नैतिक मताधिकार के बारे में जागरूकता हेतु हर महीने के तीसरे शनिवार गतिविधियों का आयोजन किया |

# पर्यावरण क्लब :--

पर्यावरण क्लब को महाविद्यालयपरिसर की साफ-सफाई और हरियाली को बनाए रखने के लिए मूलाधार माना जाता है। इस क्लब का संचालन डॉ. शालू कंवर जी करती हैं| इस क्लब ने महाविद्यालय परिसर को हरा-भरा और सुंदर बनाने में बहुत अच्छा काम किया है। इस क्लब ने महाविद्यालय की "सर्वोत्तम परम्पराएँ समिति" के साथ मिलकर इस साल लगभग 200 पौधों का रोपण किया।

**रेड –रिबन क्लब** :-- रेड रिबन क्लब के समन्वयक प्रोफेसर अश्वनी मंढोत्रा जी हैं | इस क्लब ने इस वर्ष निमंलिखित गतिविधियाँ करवाई :

1. 29 अगस्त 2025 को नशा विरोधी शपथ समारोह मनाया |
2. 11 अक्टूबर को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया |
3. 28 नवम्बर को बच्चों के लिए एक स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया|
4. 31 दिसंबर को एड्स दिवस मनाया |

# कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न के खिलाफ समिति :--

19 सितंबर 2025 को राजकीय महाविद्यालय बलद्वाड़ा में छात्राओ के लिए एक प्रारंभिक व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमे छात्राओं को मासिक धर्म पैड के बारे में उपयुक्त जानकारी दी गई और कार्यास्थल पर महिला यौन उत्पीड़न को रोकने के बारे में जागरूकता फैलाने और छात्रों को "आन्तरिक शिकायत निवारण समिति" के काम करने के तरीकों के बारे में बताया गया ।

31 दिसंबर 2025 को छात्रों और कर्मचारी वर्ग को महिला सुरक्षा और अधिकारों पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें महिला सुरक्षा और अधिकारों के आलावा कार्यास्थल पर महिला यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 में मौजूद प्रावधनो के बारे में जानकारी दी गयी I

# स्वास्थ्य जागरूकता एवं नशा मुक्ति प्रकोष्ठ :--

1. प्रकोष्ठ द्वारा 29 अगस्त 2025 को नशा मुक्ति शपथ समारोह का आयोजन किया गया , जिसमें महाविद्यालय के समस्त छात्रों ने भाग लिया |

2. 11 अक्टूबर 2025 को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया ताकि छात्रों को नशे के नुकसान के बारे में जागरूक किया जा सके और इसके दुष्प्रभावों से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके |
3. नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं सालगिरह 30 अक्टूबर 25 को छात्रों में नशे के गलत इस्तेमाल के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए मनाई गई|
4. छात्रों और कर्मचारी वर्ग के बीच स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 28 नवंबर 2025 को स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया |

# सड़क-सुरक्षा क्लब :--

सड़क सुरक्षा क्लब की अध्यक्ष डॉ. नैन्सी जी हैं| क्लब ने छात्रों और समाज के दूसरे तबकों को सड़क सुरक्षा और नए वाहन अधिनियम 2023 के बारे में जागरूक करने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया । 31 अक्टूबर, 2025 को नारा लेखन और चित्र बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया , जिसमें सभी संकायों के 55 छात्रों ने हिस्सा लिया। क्लब ने 28 नवंबर, 2025 को बलद्वाडा में एक सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली, जिसमें करीब 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने हाथों में सड़क सुरक्षा जागरूकता के पोस्टर भी लिए हुए थे|

# रोवर्स और रेंजर्स :--

रोवर्स और रेंजर्स का उद्देश्य छात्रों को अनुशासित बनाना, सांस्क्रतिक मूल्यों को सीखने में मदद करना और अपने कार्यकर्ताओं में एकता की भावना को विकसित करना है ताकि राष्ट्रीय एकता को बल मिल सके। हमारे महाविद्यालय को 24 छात्रों को इसमें सम्मिलित करने की अनुमति है जिसमें कि 12 रोवर्स और 12 रेंजर्स होते हैं। डॉ. प्यार चंद रोवर्स कार्यक्रम अधिकारी हैं जबकि प्रो. मनोरमा रेंजर्स कार्यक्रम अधिकारी हैं। सत्र 2025-26 के दौरान, इस क्लब द्वारा निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गई हैं:---

1. 10 सितंबर 2025 को, इकाई ने एक दिवसीय सफाई शिविर का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय परिसर तथा मंदिर प्रांगण के इर्द गिर्द फैले कूड़े-कचरे का निस्तारण किया I
2. 15 सितंबर को इकाई द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।
3. 11 नवमम्बर को ,एक दिवसीय शिविर लगाया गया जिसमे कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय में फैले कूड़े-कचरे को उठाया तथा घास फूस को उखाड़ कर उचित प्रबंधन किया |
4. 23 फरबरी को चिट्टा तथा नशे के विरोध में एक संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें संसाधन विशेषज्ञ सोनू सूर्यवंशी (स्वास्थ्य परामर्श दाता) एवं प्राचार्य डा. ललित गुलेरिया उपस्थित रहे |

# छात्रवृति योजनाएँ :-

राज्य/केंद्र सरकारें काबिल और होनहार विद्यार्थियों को कई तरह की छात्रवृतियां देती हैं। इस सत्र में महाविद्यालय के पात्र छात्र –छात्राओं को निम्नलिखित छात्रवृतियां प्रदान की गईं:-

| □□□ □□□ | छात्रवृति का नाम | लाभान्वित विद्यार्थी |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| □ | | |
| 1 | अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए मेट्रिक उपरांत छात्रवृति | 08 |
| 2 | अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए मेट्रिक उपरांत छात्रवृति | 00 |
| 3 | कल्पना चावला छात्रवृति | 04 |
| 4 | कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए केन्द्रीय क्षेत्र की छात्रवृति योजना | 04 |
| 5 | हिमाचल प्रदेश के ओबीसी के छात्रों के लिए पीएम यशस्वी पोस्ट मेट्रिक छात्रवृति योजना | 07 |
| 6 | मुख्यमंत्री विद्यार्थी कल्याण योजना हिमाचल प्रदेश | 02 |
| 7 | इंदिरा गांधी उत्कृष्ट छात्रवृति योजना | 03 |

# खेल गतिविधियाँ :--

इस साल हमारे महाविद्यालय ने खेल प्रभारी प्रोफेसर अशिवनी कुमार मंढोत्रा जी के सफल मार्गदर्शन में खेल गतिविधियों में बड़ी छलांग लगाई है। हमारे महाविद्यालय ने 13 और 14 नवंबर को अंतर-महाविद्यालय भारोतोलन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया । हमारे महाविद्यालय की महिला टीम प्रोफेसर सचिन मोंगा जी के नेतृत्व में समग्र प्रतियोगिता में प्रथम उपविजेता रही । इस प्रतियोगिता में संजना ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया और अन्तर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भी भाग लिया | इसके अलावा दीक्षा , अनामिका और आंचल ने चांदी का पदक हासिल किया | नंदिनी , सिमरन और नेहा ने कांस्य पदक हासिल किये | हमारे महाविद्यालय के दो छात्रों कुमारी बंदुबाला और कमल ने डा. नैंसी के नेतृत्व में सुंदरनगर महाविद्यालय में आयोजित हुई अन्तर्महाविद्यालय वुशु प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक जीत कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया | 20 फरवरी को महाविद्यालय की 5वीं सालाना एथलेटिक मीट हुई और इसमें सत्तर खिलाड़ियों ने गोला फेंक,ऊँची छलांग ,लम्बी छलांग ,भालाफेंक, चक्का फेंक और दौड़ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष के सुशील कुमार को श्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और दीक्षा कला स्नातक द्वितीय वर्ष को श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया।इस वर्ष महाविद्यालय को भारोतोलन खेल की सम्पूर्ण उपकरण सामग्री प्राप्त हुई| महाविद्यालय ने बच्चों को बास्केट बॉल और बैडमिंटन खेलने के मैदान का भी प्रबंध किया | इसके साथ ही खेल विभाग द्वारा 30अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस का भी आयोजन किया गया |

# रास्ट्रीय सेवा योजना :--

रास्ट्रीय सेवा योजना “मैं नहीं, बल्कि आप” के आधारभूत विचार के साथ शुरू की गई थी और इसका हर कार्यकर्ता बिना किसी स्वार्थ के सेवा के नेक काम के लिए समर्पित और कृतसंकल्प है। हमारे महाविद्यालय में 100 कार्यकर्ताओं की एक पूरी इकाई है| इस इकाई को प्रोफेसर राजगीर संचालित करते हैं।

1. 8 अगस्त को ज्ञान-विज्ञान समिति ने रक्षाबंधन का त्योहार मनाया और युवाओं से ड्रग्स की लत में न पड़ने का आग्रह किया ।
2. 12 अगस्त 2025 को, रास्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया।
3. 14 अगस्त को, रास्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकर्ताओं नें एक तिरंगा यात्रा निकाली।
4. 24 सितंबर को रास्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकर्ताओं ने योजना दिवस मनाया।
5. 2 अक्टूबर को रास्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने महात्मा गांधी जयंती मनाई।

6. 17 अक्टूबर को दिवाली के मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया।
7. 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाने के लिए पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई।
8. 11 नवंबर को महाविद्यालय परिसर में एक दिन के सफाई अभियान का आयोजन किया गया।
9. 29 नवंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने तम्बाकू मुक्त संस्थान कार्यक्रम आयोजित किया।
10. 23-12-2025 से 29-12-2025 तक महाविद्यालय परिसर में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया ।

# महाविद्यालय पुस्तकालय :-----

महाविद्यालय पुस्तकालय विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन में बहुत ज़रूरी भूमिका निभाता है। उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा पिछले साल करवाए गये हिमाचल प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों के श्रेणीकरण में हमारे महाविद्यालय के पुस्तकालय को स्तर-1 में रखा गया है ,जो कि महाविद्यालय के लिए सम्मान का विषय है | वर्तमान में हमारे पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की 1140 पुस्तकें मौजूद हैं । हमारे महाविद्यालय ने बाहर के विद्यार्थियों को अपने स्व-अध्ययन के लिए पुस्तकालय इस्तेमाल करने का मौका देने का बहुत बड़ा और तारीफ़ के काबिल फैसला लिया है। इस साल 12 विद्यार्थी इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।

# महाविद्यालय पत्रिका :--

महाविद्यालय पत्रिका विद्यार्थियों के रचनात्मक विचारों को एक नया मंच प्रदान करती है । महाविद्यालय अपनी पत्रिका "शिवधारा" के अंक का प्रकाशन हर वर्ष जुलाई महीने में जारी करता है। सत्र 2025-26 के लिए पत्रिका के मुख्य संपादक डॉ. संजय शर्मा हैं। इस साल के अंक के लिए शिक्षक संपादक और छात्र संपादकों के नाम इस प्रकार हैं:-

| क्रमांक | विषय | शिक्षक संपादक | छात्र संपादक |
|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | डा. नैंसी | कुमारी साक्षी |
| 2. | हिंदी | डा. प्यार चन्द | कुमारी दीक्षा |
| 3. | पहाड़ी | डा. गुलशन | कुमारी पल्लवी शर्मा |
| 4. | योजना | प्रो. कंचन | कुमारी कृतिका |
| 5. | विज्ञान | डा. शालू कँवर | कुमारी अंजलि |

# आजीविका परामर्श और भर्ती प्रकोष्ठ:-

हमारे महाविद्यालय के आजीविका परामर्श और भर्ती प्रकोष्ठ का गठन 2021 में हुआ | यह प्रकोष्ठ हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों को उनकी पसंद का व्यवसाय चुनने में अहम् भूमिका निभा रहा है। इस प्रकोष्ठ को डॉ. संजय शर्मा संचालित कर रहे हैं।

i.) 9 अक्टूबर को निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, शिमला के निर्देशानुसार, आजीविका परामर्श और भर्ती प्रकोष्ठ ने "क्रैक एकेडमी चंडीगढ़" के साथ मिलकर एक विशेष प्रायोजित छात्रवृति योजना "मेरे

शहर के 100 रत्न" के लिए एक प्रवेश परीक्षा आयोजित की । इस प्रवेश परीक्षा में हमारे महाविद्यालय के 121 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

ii.) 27 दिसंबर 2025 को, आजीविका परामर्श और भर्ती प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. संजय शर्मा ने हमारे महाविद्यालय के विज्ञानं संकाय के छात्रों के लिए "मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव" के रूप में व्यवसाय चुनने पर व्याख्यान दिया।

iii.) 30 दिसंबर, 2025 को बहुद्देशीय सभागार में आजीविका परामर्श और भर्ती प्रकोष्ठ के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें डॉ. गुलशन कुमार ने "प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए खुद को कैसे तैयार करें"विषय पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। इसके बाद मुख्यातिथि डॉ. अरुण शर्मा, सहायकआचार्य "टूर एंड ट्रैवल"(राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट) ने "मेंटल हाइजीन" विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

iv.) 31 दिसंबर को, इस प्रकोष्ठ ने एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सरकाघाट से चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री अविनाश चंदेल ने "चार्टर्ड अकाउंटेंट" के तौर पर व्यवसाय" विषय पर व्याख्यान दिया।

v.) 23 फरवरी को महाविद्यालय में बद्दी विश्वविद्यालय के डा. गौरव और डा. रोहित ने अपने विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न रोजगारोन्मुखी विषयों की जानकारी विस्तार से दी|

vi) 25 फरवरी को चित्कारा विश्वविद्यालय के डा.जितेंदर ने अपने विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया |

## सत्र के दौरान महाविद्यालय की विकासात्मक गतिविधियां:-

1. हमारे महाविद्यालय में उच्च शिक्षा निदेशालय (हि.प्र.) से प्राप्त दो संवादात्मक स्पर्श पटलों ( इंटरैक्टिव टच पैनल ) को कक्ष संख्या 211 और कक्ष संख्या 308 में लगाया गया है।

2. रसायन विभाग , भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान और वनस्पति विज्ञान विभागों द्वारा विज्ञान कोष से अपनी प्रयोगशालाओं के लिए उपकरण और रासायनिक पदार्थ खरीदे गए हैं।

3. हमारे महाविद्यालय में उच्च शिक्षा निदेशालय (हि.प्र.) से प्राप्त एक लाख अनुदान राशि का उपयोग महाविद्यालय की छत के पुनरुद्धार के लिए किया गया |

## भविष्य की योजनाएं : --

1. महाविद्यालय में कन्या छात्रावास को अस्तित्व में लाने के लिए भरसक प्रयास किये जायेंगे |
2. महाविद्यालय में बी. सी. ए. /बी. बी. ए. के पाठयक्रम शुरू करने की योजना है I
3. 
4. महाविद्यालय में चारदीवारी के कार्य को अगले सत्र में पूर्ण अंजाम तक पहुँचाने की योजना है|
5. महाविद्यालय के बास्केटबॉल और बैडमिंटन मैदान को भी भवन निधि से पक्का करवाने का कार्य पूरा किया जाएगा |
6. अगले सत्र में महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण करने की योजना हैं।
7. महाविद्यालय भवन के दूसरी मंजिल के बरामदे में मौजूद बड़े झरोखों को लोहे की जालियों से बंद किया जाएगा I

अंत में मैं मुख्य-अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा अन्य समस्त अतिथियों के प्रति हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपने व्यस्ततम एवं मूल्यवान समय में से कुच्छ लम्हें हमारे साथ साझा कर इस कार्यक्रम को गौरवमयी बनाने में पूर्ण योगदान दिया | मैं महाविद्यलय के सभी सदस्यों , प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, संचार-तंत्र से जुड़े कर्मियों , पी ०टी० ए ० तथा उपस्थित जनता को उनके सहयोग एवं प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद् देता हूं , जिन्होंने महाविद्यालय के इस कार्यक्रम की शोभा बढाई |

**प्रस्तुतकर्ता :**
**डा. ललित गुलेरिया**
**प्राचार्य**